भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1412
गुरुवार, 14 दिसम्बर, 2023/23 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ओडिशा में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर और पर्यटन पार्क

1412 श्रीमती ममता मोहंता:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में बड़े पैमाने पर पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु ग्रामीण पर्यटन क्लस्टरों और पर्यटन पार्कों की स्थापना करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) ओडिशा में स्थापित किए जाने हेतु प्रस्तावित ऐसे क्लस्टरों और पार्कों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने "भारत में ग्रामीण पर्यटन के विकास हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति और रोडमैप-आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक पहल" नामक दस्तावेज तैयार किया है ।

इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत ग्रामीण परिपथ को थीमेटिक परिपथों में से एक रूप में चिह्नित किया था । इस योजना के ग्रामीण परिपथ के अंतर्गत ओडिशा की राज्य सरकार को किसी भी परियोजना की स्वीकृति नहीं दी गई थी ।

*****